आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के तीन और समुद्र तटों को 'ब्लू फ्लैग' प्रमाणित समुद्र तटों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है।
2. 45वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में उद्घाटन किया जाएगा ।
3. चार दिनों तक चलने वाला छठ पर्व आज देश के विभिन्न हिस्सों में 'नहाय–खाय' अनुष्ठान के साथ शुरू हो रहा है।
4. मतदाताओं की सुविधा के लिए 21 और 22 नवंबर को द्वीपों के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के तीन और समुद्र तटों को वर्ष 2026–27 के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त 'ब्लू फ्लैग' प्रमाणित समुद्र तटों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है। ये तीन समुद्र तट मध्योत्तर अंडमान के रामनगर बीच, करमाटांग बीच और रमन बगीचा बीच हैं। इसके अतिरिक्त, दक्षिण अंडमान जिले के राधानगर बीच के ब्लू फ्लैग प्रमाणन का भी 2026–27 की अवधि के लिए नवीनीकरण किया गया है। ब्लू फ्लैग प्रमाणन एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित इको–लेबल है, जो उन समुद्र तटों को प्रदान किया जाता है जो 33 मानदंडों को पूरा करते हैं। इस उपलब्धि से एक प्रमुख टिकाऊ पर्यटन स्थल के रूप में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

<><><><><><><><>

45वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला का आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में उद्घाटन किया जाएगा। आगंतुक आई.आई.टी.एफ.–2026 मोबाइल ऐप से ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं। 'विकास और विरासत' विषय पर आयोजित इस मेले में 14 से 18 नवंबर तक व्यापारिक गतिविधियों के लिए विशेष दिन निर्धारित किए गए हैं। द्वीपसमूह के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागी भी इस मेले में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 19 से 27 नवंबर तक यह मेला आम लोगों, परिवारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रुचि रखने वाले आगंतुकों के लिए खुला रहेगा ।

<><><><><><><><>

मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, केंद्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान, कोच्चि और नौवहन महानिदेशालय के समन्वय से मर्चेंट शिपिंग नियम, 2026 के प्रारूप को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। इस संबंध में, हितधारकों से 30 नवम्बर तक टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित करने के लिए मर्चेंट शिपिंग का प्रारूप पांच क्षेत्रीय भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, तमिल और बंगाली में अंडमान निकोबार प्रशासन और मत्स्यपालन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। टिप्पणियां सीधे या ई–मेल के माध्यम से मत्स्यपालन निदेशालय, में जमा की जा सकती हैं। इसके अलावा मछुआरों, मछुआरा संघों, सहकारी समितियों और अन्य हितधारकों की भागीदारी के साथ हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की तिथि, समय और स्थान की घोषणा बाद में की जाएगी। हितधारकों से बैठक के दौरान चर्चा के लिए अपने सुझाव तैयार रखने का अनुरोध भी किया गया है।

<><><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से खराब मौसम को देखते हुए चाथम, बम्बूफ्लाट, फीनिक्स बे, डंडस प्वाइंट और पानीघाट के बीच वाहन फेरी सेवाओं की समय–सारणी में देरी होने, अस्थायी रूप से निलंबित होने या अल्प सूचना पर रद्द होने की संभावना है। इसके अलावा, फोरशोर सेक्टर और अंतरद्वीपीय क्षेत्रों में संचालित होने वाली फेरी सेवाएं भी अल्प सूचना के आधार पर रद्द की जा सकती

है। विभाग ने आम जनता और पर्यटकों इस असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

चार दिनों तक चलने वाला छठ पर्व आज देश के विभिन्न हिस्सों में 'नहाय–खाय' अनुष्ठान के साथ शुरू हो रहा है। सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित यह त्योहार नदियों के तटों और घाटों पर पूरी पवित्रता, उपवास और अनुष्ठानों के साथ मनाया जाता है। दूसरा दिन 'खरना' के रूप में मनाया जाएगा। तीसरे दिन, श्रद्धालु शाम को नदियों, तालाबों और अन्य छठ घाटों पर एकत्र होकर छठी मैया की पूजा करेंगे और डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे। सोमवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही यह महापर्व संपन्न हो जाएगा। द्वीपसमूह में भी छठ पूजा समिति की ओर से छठ पूजा के आयोजन किए जाएंगे। इस संबंध में 15 नवम्बर को कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर शाम पांच बजकर उनतालीस मिनट पर और 16 नवम्बर को सुबह पांच बजकर सोलह मिनट पर अर्घ्य दिया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रशासन की ओर से आगामी छठ पूजा समारोह के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात के सुचारू संचालन के लिए अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के तहत कार्बाइंस कोव जंक्शन से मजार पहाड़ तक की सड़क वाहनों के लिए एकतरफा रहेगी। मजार पहाड़ से कार्बाइंस कोव समुद्र तट की ओर आने वाले दुपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों को अनुमति नहीं दी जाएगी। इस अवधि दौरान आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले वाहनों को छूट प्रदान की जाएगी। चक्कर गाँव स्थित चिल्ड्रेन पार्क से कार्बाइंस कोव तक की सड़क भी दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों के लिए बंद रहेगी। यह यातायात प्रतिबंध 15 नवम्बर को दोपहर दो बजे से 16 नवम्बर को रात 8 बजे तक लागू रहेगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 17 नवम्बर को किया जाएगा। .दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। दावों और आपत्तियों का निपटान 28 दिसम्बर तक और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी को किया जाएगा। पात्र मतदाताओं के नामांकन को सुगम बनाने और इसके बाद पहली अप्रैल, पहली जुलाई और पहली अक्टूबर, 2027 के लिए अग्रिम आवेदन आमंत्रित करने के उद्देश्य से, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आयोजित करते हुए मौजूदा मतदाता सूची में संशोधन किया जाएगा। इस पुनरीक्षण के लिए पात्रता तिथि पहली जनवरी, है। जो नागरिक इस तिथि पर या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेते हैं और उनका नाम पहले से मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो वे नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। दावे और आपत्तियां फॉर्म 6, 7 और 8 में 16 दिसम्बर तक संबंधित नामित अधिकारियों या बूथ लेवल अधिकारियों के पास जमा करने होंगे। इसके अलावा डाक द्वारा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा संबंधित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भेजे जा सकते हैं। मतदाता ऑनलाइन माध्यम से या टोल–फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर दावे और आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए 21 और 22 नवंबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग ने भारतीय फोटोग्राफी संस्थान, नोएडा के सहयोग से कल शहीद द्वीप में फोटोग्राफी और कैमरा हैंडलिंग पर 8–दिवसीय गहन प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह पहल विश्व बैंक द्वारा समर्थित एक प्रमुख योजना 'रेज़िंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस' के तहत संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाना है। IIP नोएडा के संकाय सदस्य, आसिफ खान और गरिमा चौधरी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यशाला में 68 प्रतिभागी भाग ले रहे है।

<><><><><><><>